**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*


## हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव

# गांधी एकादश टीम रही विजेता

वर्धा दि. 22 जनवरी 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव में क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में गांधी एकादश की टीम ने परिसर विकास एकादश को हराकर जीत हासिल की। विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीडा स्थल पर 18 जनवरी को क्रिकेट का अंतिम मैच गांधी एकादश और परिसर विकास एकादश के बीच खेला गया। इस मैच गांधी एकादश ने 12 ओवरों में जीत अपने पाले में कर ली। गांधी एकादश टीम का नेतृत्व पंकज पाटिल ने किया वहीं परिसर विकास एकादश का नेतृत्व राजीव पाठक ने किया। गांधी एकादश के टीम में कप्तान पंकज पाटिल, विजय यादव, सचिन कुंभलवार, पुष्कर सिंह, भूषण सालवे, मनोज ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, राम प्रसाद कुमरे, वेद प्रकाश, आलोक श्रीवास्तव, वैभव सुशील, बी. पी. सिंह तथा सुधीर ठाकुर का समावेश था। परिसर विकास की टीम में कप्तान राजीव पाठक के साथ सत्यम अधिकारी, राजू पवार, विवेक तडस, अनिकेत गहुकार, अमित गायकवाड, जावेद बैग, नौशाद, अमोल आड़े, गिरीश ठवकर तथा सुधीर का समावेश था। 16 ओवरों की मैच का प्रारंभ प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने किया। परिसर विकास एकादश ने टॉस जितकर बल्लेबाजी की। उन्होंने 96 रन बनाए, वहीं गांधी एकादश ने 12 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर अपनी जीत दर्ज की। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा सचिन कुंभलवार को मॅन ऑफ द मैच का तथा जावेद बैग को मॅन ऑफ द सिरीज का खिताब दिया गया। इस अवसर पर खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. विजय कौल, शिक्षक संघ के अध्यक्ष धरवेश कठेरिया, विशेष कर्तव्य अधिकारी नरेंद्र सिंह, के. के. त्रिपाठी, श्रीरमण मिश्र, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, संदीप वर्मा, राजेश अरोड़ा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। मैच में दौरान कमेंटेटर के रूप में डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, आशीष, प्रकाश तथा रवि ने तथा अंपायर के रूप में अविनाश त्रिपाठी और नीरज सिंह ने भूमिका निभाई।







